रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART I—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 429] नई दिल्ली, सोमवार, अगस्त 4, 2008/श्रावण 13, 1930
No. 429] NEW DELHI, MONDAY, AUGUST 4, 2008/SRAVANA 13, 1930

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग)
अधिसूचना
नई दिल्ली, 4 अगस्त, 2008

सा.का.नि. 573(अ).—केन्द्रीय सरकार, जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी अधिनियम, 2008, (2008 का 19) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** .- (1) इन नियमों का नाम जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी नियम, 2008 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं :**

इन नियमों में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो.-

(क) "अधिनियम" से जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी अधिनियम, 2008 (2008 का 19) अभिप्रेत है;

(ख) "उपाबंध" से नियमों के उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) "परिशिष्ट" से नियमों का परिशिष्ट अभिप्रेत है ;

(घ) "निदेशक" से संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है ;

(ङ) "अध्यक्ष" से संस्थान का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(च) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

3. **गैर-चिकित्सा वैज्ञानिक और चिकित्सा संकायों के प्रतिनिधियों का नामांकन** .- (1) केन्द्रीय सरकार, धारा 5 की उप-धारा (i) के उप-खण्ड (i) के अधीन सदस्यों के नामांकन के प्रयोजन के लिए भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक गैर चिकित्सा वैज्ञानिक के अतिरिक्त किसी व्यक्ति को संस्थान को अग्रसर करने के लिए संस्थान के सदस्य के रूप में नामांकित करेगी :

परंतु उनमें से कम-से-कम तीन व्यक्ति चिकित्सा वैज्ञानिक होंगे।

(2) केन्द्रीय सरकार धारा 5 की उप-धारा (1) खण्ड (झ) के अधीन सदस्यों के नामांकन के प्रयोजन के लिए विभिन्न विधाओं का सम्यक ध्यान रखते हुए किसी भारतीय विश्वविद्यालय या संस्था के चिकित्सा संकाय से किसी व्यक्ति को संस्थान के सदस्य के रूप में नामांकित करेगी।

4. **आकस्मिक रिक्तियों को भरना** .- पदेन सदस्य से भिन्न किसी सदस्य के पद में किसी आकस्मिक रिक्ति को धारा 5 के उपबंधों के अनुसार यथास्थिति, नामांकन या निर्वाचन द्वारा भरा जाएगा।

5. **अध्यक्ष की शक्तियां**.- अध्यक्ष की शक्तियां वे होंगी जो विनियमों में विनिर्दिष्ट हों।

6. **अध्यक्ष और सदस्यों के भत्ते**.- (1) संस्थान का अध्यक्ष या कोई सदस्य किसी भी भत्ते अथवा अन्य पारिश्रमिक का हकदार नहीं होगा। तथापि, वह यात्रा और दैनिक भत्ते, यदि कोई हों, जिनका वह धारा 30 के अधीन बनाए गए विनियमों के अधीन पात्र हो, प्राप्त कर सकेगा।

(2) उप नियम (1) की कोई बात निदेशक, जो निदेशक के पद से संबद्ध वेतन और भत्ते प्राप्त कर सकता है, पर लागू नहीं होगी।

7. **स्थायी समितियां.-** (1) स्थायी वित्त समिति का गठन किया जाएगा जिसमें वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य शामिल होगा। संस्थान धारा-10 की उप-धारा (5) के अनुसरण में, एक विद्या समिति, एक संपदा समिति, एक स्थायी चयन समिति, चिकित्सालय मामले समिति और किसी अन्य स्थायी या तदर्थ समिति का भी गठन करेगा।

(2) निम्नलिखित विषय स्थायी वित्त समिति को निर्दिष्ट किए जाएंगे जो उन पर विचार करेगी और उन पर अपनी सिफारिशें देगी; अर्थात्.-

(क) संस्थान की प्राप्तियों और व्यय को दर्शित करने वाले वार्षिक लेखों के साथ उन पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट;

(ख) संस्थान की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय को दर्शित करने वाला बजट अनुमान;

(ग) नए पद के सृजन के लिए सभी प्रस्ताव;

(घ) संस्थान से संबंधित सभी वित्तीय विषय;

(ङ) निविदाएं आमंत्रित करने और उन्हें स्वीकार करने से संबंधित सभी विषय।

8. **पदों का सृजन और उन पर नियुक्तियां .-** (1) संस्थान बजट में विशेष उपबंधों और समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अध्यधीन, ऐसे वेतनमानों में, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किए जाएं, पद सृजित कर सकती है, उन्हें ग्रेडों में वर्गीकृत कर सकेगी और उनके पदनाम विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

परन्तु सह-आचार्य के स्तर से ऊपर का कोई भी पद केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के सिवाय सृजित नहीं किया जाएगा।

(2) संस्थान द्वारा निदेशक के पद पर नियुक्ति केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से की जाएगी।

(3) निदेशक के छुट्टी पर चले जाने या त्याग-पत्र देने की दशा में या किसी अन्य संभाव्यता में पद रिक्त होने पर नए निदेशक के नियुक्त किए जाने तक, अध्यक्ष छह मास से अनधिक अवधि के लिए निदेशक के कृत्यों के लिए ज्येष्ठतम आचार्य को नियुक्त कर सकता है।

परन्तु संस्थान कारणों को लेखबद्ध करते हुए छह मास से अनधिक किसी अवधि के लिए निदेशक के रूप में किसी को नियुक्त कर सकेगा;

परन्तु यह और कि यदि ऐसी नियुक्ति की अवधि के छह मास से अधिक होने की संभावना हो तो ऐसी नियुक्ति को छह मास के पश्चात् विस्तार अनुदत्त करने से पहले केन्द्रीय सरकार का पूर्वानुमोदन लेना होगा।

(4) भर्ती की रीति, आयु सीमा, शैक्षिक अर्हाएं और विभिन्न पदों पर नियुक्ति से संबंधित अन्य विषय और संस्थान में सेवा शर्तें वे होंगी जो विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट हों।

(5) केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा और संस्थान का कर्मचारी होने का विकल्प देने वाले अधिकारियों के वेतन और भत्ते तथा अन्य सेवा शर्तें, **परिशिष्ट** में यथा उपबंधित होंगी।

9. **बजट का प्राक्कलन.-** संस्थान की प्राक्कलित प्राप्तियों और व्यय को दर्शाने वाला वार्षिक बजट नीचे विनिर्दिष्ट दो भागों में तैयार किया जाएगा और वे ऐसे प्ररूप में होंगे जो केन्द्रीय सरकार ने अधिकथित किया है और वह उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित तारीख तक तीन प्रतियों में प्रस्तुत किया जाएगा, अर्थात्;

भाग-1 गैर-योजना व्यय से संबंधित, और

भाग-2 योजना व्यय से संबंधित ।

10. **संस्थान की निधियों में जमा और उससे निकालना.-** (1) सभी धन, संस्थान की निधि में जमा होंगे, जो पुडुचेरी स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की किसी शाखा में जमा किया जाएगा।

(2) उक्त निधि का संचालन निदेशक द्वारा किया जाएगा और निधि से निदेशक अथवा इस निमित्त निदेशक द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत संस्थान के किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चैकों से निकाला जाएगा।

(3) भुगतान के लिए सभी बिलों की संस्थान के लेखा अधिकारी द्वारा पूर्व जांच की जाएगी।

11. **लेखाओं का वार्षिक विवरण.-** (1) संस्थान के वार्षिक लेखे जिसके अंतर्गत तुलन-पत्र भी हैं, ऐसे प्ररूप में होंगे जो सरकार द्वारा अधिकथित किए जाएं।

(2) 31 मार्च को समाप्त प्रत्येक वर्ष की विवरणी के साथ उस पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट ऐसी संख्या में अतिरिक्त प्रतियों के साथ केन्द्रीय सरकार को भेजी जाएगी जिनकी केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसी अवधि तक अपेक्षा की जा सकती है जिसे सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित करे।

12. ***वार्षिक रिपोर्ट.-*** (1) धारा 19 में निर्दिष्ट वार्षिक रिपोर्ट 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष की होगी और सरकार को ऐसी संख्या में प्रतियों के साथ जिसकी केन्द्रीय सरकार अपेक्षा करे ऐसी अवधि में भेजी जाएगी, जिसे सरकार द्वारा अधिकथित किया जा सकेगा।

13. **विवरणियां .-** संस्थान केन्द्रीय सरकार को ऐसे प्ररूप में और रीति द्वारा जो सरकार द्वारा अपेक्षित हो, विवरणी और सूचना भेजेगी।

परिशिष्ट

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी के केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों जो संस्थान का कर्मचारी बनने का विकल्प देंगे, के वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें

1. जवाहर लाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों को उन्हीं वेतन और भत्तों तथा अन्य सेवा शर्तों, जो उन्होंने तब धारित किए होते यदि यह अधिनियम प्रवृत्त नहीं हुआ होता, के साथ अधिनियम के प्रारंभ की तिथि से संस्थान का कर्मचारी बनने के लिए उनके विकल्प देने तक बगैर प्रतिनियुक्ति भत्ते के प्रतिनियुक्ति पर माना जाएगा।

2. सहायक आचार्य, सह-आचार्य और आचार्य, जो केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के अध्यापन उप संवर्ग के सदस्य हैं और जिन्होंने संस्थान का कर्मचारी बनने के लिए अपना विकल्प दिया है, को ऐसे विकल्प की तारीख से विभिन्न संकाय पदों पर नियुक्त किया जाएगा जिसका ब्यौरा उपाबंध में दिया गया है। संस्थान में ऐसी नियुक्ति पर अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता वही रहेगी।

3. केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के अध्यापन साधारण ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के अधिकारियों को उन्हीं वेतनमानों में नियुक्त किया जाएगा जो वे संस्थान में अपने आमेलन की तारीख को प्राप्त कर रहे थे।

उपाबंध

संस्थान का कर्मचारी बनने का विकल्प देने पर अध्यापन उपसंवर्ग के केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों की नियुक्ति
(कृपया नियम 5 देखें)

क्र.सं.	वर्तमान पदनाम और वेतनमान	प्रस्तावित पदनाम और वेतनमान	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सहायक आचार्य (10000-15200 रूपए)	सहायक आचार्य (11625-15200 रूपए)	
2.	सह आचार्य (12000-16500 रूपए)	सह आचार्य (14300-18300 रूपए)	
3.	आचार्य (14300-18300 रूपए)	अपर आचार्य (16400-20900 रूपए)	9 वर्ष की नियमित सेवा वाले प्रोफेसर को प्रोफेसर के ग्रेड (18400-22400 रूपए) में नियुक्त किया जाएगा।
4.	निदेशक आचार्य (18400-22400 रूपए)	आचार्य (18400-22400 रूपए)	
5.	अपर महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा (22400-24500 रूपए)	ज्येष्ठ आचार्य (22400-24500 रूपए)	

[फा. सं. ए-12034/18/2008-एमई-III]

शालिनी प्रसाद, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health and Family Welfare)

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th August, 2008

G.S.R. 573(E).—In exercise of the powers conferred by section 29 of the Jawaharlal Institute of Post-Graduate Medical Education and Research, Puducherry Act, 2008 (19 of 2008), the Central Government hereby makes the following rules, namely :-

1. **Short title and commencement** .– (1) These rules may be called the Jawaharlal Institute of Post-Graduate Medical Education and Research, Puducherry Rules, 2008.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions:**

In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" *means* the Jawaharlal Institute of Post-Graduate Medical Education and Research, Puducherry Act, 2008 (19 of 2008)

(b) "Annexure" means the annexure to the rules

(c) "Appendix" means the appendix to the rules

(d) "Director" means the Director of the Institute

(e) "President" means the President of the Institute

(f) "section" *means* a section of the Act;

3. **Nomination of representatives of non-medical scientists and medical faculties.**– (1) For the purposes of nomination of members under clause (i) of sub-section (1) of section 5, the Central Government, in addition to one non-medical scientist representing Indian Science Congress Association, shall nominate any person to be the member of the Institute having due regard for the furtherance of the Institute:

Provided that at least three persons shall be from among medical scientist.

(2) For the purposes of nomination of members under clause (j) of sub-section (1) of section 5, the Central Government shall nominate any person from medical faculty of any of the Indian Universities or institutions to be member of the Institute having due regard to different disciplines.

4. Filling up of casual vacancies.– Any casual vacancy in the office of a member, other than *ex officio* member, shall be filled by nomination or election, as the case may be, in accordance with the provisions of section 5.

5. Powers of the President.– The powers of President shall be as specified in the Regulations.

6. Allowances of President and Members.– (1) The President or any members of the Institute shall not be entitled to any allowance or other remuneration. He may, however, draw the traveling and daily allowances, if any, to which he may be eligible under the regulations framed under section 30.

(2) Nothing in sub-rule(1) shall apply to the Director who may draw the salary and allowances attached to the post of Director.

7. Standing Committees.– (1) There shall be constituted a Standing Finance Committee, which shall include the member representing the Ministry of Finance. The Institute may also constitute an Academic Committee, an Estate Committee, a Standing Selection Committee, Hospital Affairs Committee and any other standing or *ad hoc* committee in accordance with sub-section 5 of section 10.

(2) The following matters shall be referred to the Standing Finance Committee which shall consider them and make its recommendations thereon, namely.–

(a) annual accounts showing the receipts and expenditure of the Institute together with the audit report thereon;

(b) budget estimates showing the estimated receipts and expenditure of the Institute;

(c) all proposals for the creation of new post;

(d) all financial matters pertaining to the Institute;

(e) all matters relating to the invitation and acceptance of tenders.

6. Creation of posts and appointments thereto.— (1) The Institute may create posts, subject to specific provision in the budget, and the instructions of the Central Government issued from time to time, on such scales of pay as are approved by the Central Government, classify them into grades and specify their designations:

Provided that no post above the Associate Professor level shall be created except with the prior approval of the Central Government.

(2) The appointment to the post of Director shall be made by the Institute with the prior approval of the Central Government.

(3) In the event of the Director proceeding on leave or resigning or the post falling vacant in any other eventuality, till such time a new Director is appointed, the President may appoint the senior-most Professor to look after the functions of the Director for a period not exceeding six months;

Provided that the Institute may appoint, for reasons to be recorded in writing, any person as Director for a period of not exceeding six months;

Provided further that if the period of such appointment is likely to exceed six months, prior approval of the Central Government shall be taken before granting extension of such appointment beyond six months.

(4) The method of recruitment, the age limit, the educational qualifications and other matters relating to appointment to various posts and the conditions of service in the Institute shall be as specified in the regulations.

(5) The pay and allowances and other service conditions of the officers belonging to the Central Health Service and who opts to be an employee of the Institute are as provided in Appendix.

9. **Budget Estimates.**--The annual Budget showing the estimated receipts and expenditure of the Institute shall be prepared in two parts specified below and they shall be in such form as may be laid down by the Central Government and shall be submitted to it in triplicate by the date stipulated by the Central Government, namely:

Part I relating to Non-Plan expenditure, and

Part II relating to Plan expenditure.

10. **Deposits into and withdrawals from the Funds of Institute.**-- (1)All moneys credited to the Fund of the Institute shall be deposited in any branch of a nationalised bank, at Puducherry.

(2) The said Fund shall be operated by the Director, and withdrawals from the Fund shall be made by cheques signed by the Director or an officer of the Institute duly authorised by the Director in this behalf.

(3) All bills for payment shall be pre-checked by an accounts officer of the Institute.

11. **Annual Statement of Accounts.**-- (1) The annual accounts including the balance sheet of the Institute shall be in such form as may be laid down by the Government.

(2) The statements pertaining to each year ending with 31st of March together with the audit report thereon shall be forwarded to the Central Government together with such number of spare copies thereof as may be required by the Central Government from time to time by such time as may be laid down by the Government.

12. **Annual Reports.**— (1) The annual report referred to in section 19 shall relate to the year ending on the 31st March and shall be submitted to the Central Government together with such number of copies as may be required by the Central Government by such time as may be laid down by the Government.

13. **Returns.**-- The Institute shall furnish to the Central Government returns and information in such form and manner as may be required by the Government.

APPENDIX

Pay, Allowances and other terms and conditions of service of officers of Jawaharlal Institute of Post-Graduate Institute of Medical Education Research (JIPMER), Puducherry belonging to Central Health Service who opts to be the employees of the Institute.

1. The officers of the JIPMER belonging to the Central Health Service shall deemed to be on deputation without deputation allowance from the date of the commencement of the Act with the same pay and allowances and *other terms* and *conditions* of the *service* as he would have held such post, if the Act has not come into force till they exercise their option to be employee of the Institute.

2. The Assistant Professor, the Associate Professor and Professor who are members of the teaching sub-cadre of Central Health Service and who have exercised their option to be the employees of the Institute shall be placed from the date of such option in various faculty position as indicated in the Annexure. On such appointment to the Institute, the inter-se-seniority of the officers shall remain the same.

3. The officers belonging to General Duty Medical Officer sub-cadre of Central Health Service shall be placed in the corresponding scales as they are drawing on the date of their absorption into the Institute.

ANNEXURE

Placement of Central Health Service Officers of teaching sub-cadre on their option to become the employee of the Institute.

(See rule 5)

S.No.	Existing designation and the pay scale	Proposed designation and the pay scale	Remarks
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Assistant Professor (Rs.10000-15200)	Assistant Professor (Rs.11625-15200)	-
2.	Associate Professor (Rs.12000-16500)	Associate Professor (Rs.14300-18300)	-
3.	Professor (Rs.14300-18300)	Additional Professor (Rs.16400-20900)	Professor with nine years of regular service shall be placed in the grade of

			Professor (Rs.18400-22400)
4.	Director-Professor (Rs.18400-22400)	Professor (Rs.18400-22400)	
5.	Additional Director General of Health Services (Rs.22400-24500)	Senior Professor (Rs.22400-24500)	

[F.No. A-12034/18/2008-ME-III]
SHALINI PRASAD, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 2008

का.आ.नि. 574(अ).—केन्द्रीय सरकार जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी, अधिनियम, 2008 (2008 का 19) की धारा 30 की उप-धारा (2) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :-

1. *संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :* (1) इस विनियम का संक्षिप्त नाम जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी विनियम, 2008 है।

(2) *ये राजपत्र में प्रकाशन की तिथि को प्रवृत्त होंगे।*

2. **परिभाषाएं :**

(1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :-

(i) "अधिनियम " से जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी अधिनियम, 2008 (2008 का 19) अभिप्रेत है ;

(ii) "उपाबंध " से इन विनियमों की अनुसूची का उपाबंध अभिप्रेत है ;

(iii) "अध्यक्ष " से संस्थान के शासी निकाय का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(iv) 'निदेशक ' से संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है ;

(v) ' सभापति ' से संस्थान का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(vi) " नियम " से जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान पुडुचेरी, नियम, 2008 अभिप्रेत है ;

(vii) "अनुसूची " से इन विनियमों की अनुसूची अभिप्रेत है ;

(viii) " धारा " से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ;

(ix) "स्थायी समिति और तदर्थ समितियां " से अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (5) के अधीन गठित क्रमशः स्थायी समिति और तदर्थ समितियां अभिप्रेत है ;

(2) उन शब्दों और पदों जो इस विनियम में प्रयुक्त है, और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है, वही अर्थ होगें जो उस अधिनियम में हैं।

3. **सभापति की शक्तियां और कृत्य :** सभापति ऐसी शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन करेगा जो अधिनियम, नियम और इन विनियमों की अनुसूची 1में अधिकथित किए गए हैं।

4. **संस्थान के अधिवेशन का समय और स्थान :** संस्थान का अधिवेशन ऐसे समय और स्थान पर होगा, जिसे सभापति समय-समय पर निर्धारित करें ;

परन्तु संस्थान का अधिवेशन प्रत्येक वर्ष में कम-से-कम एक बार होगा।

5. **संस्थान का अधिवेशन बुलाने की शक्तियां :** (1) सभापति संस्थान का अधिवेशन किसी समय बुला सकता है और ऐसा वह तभी करेगा यदि उसे बुलाए जाने वाले प्रस्तावित अधिवेशन के विषय को विनिर्दिष्ट करते हुए ग्यारह से अनधिक सदस्यों द्वारा उक्त प्रयोजन के लिए लिखित रूप से अध्यपेक्षा की हो।

(2) सभापति सात पूर्ण दिनों से अन्यून की लिखित सूचना पर संस्थान का असाधारण अधिवेशन बुला सकेगा, और ऐसा तभी करेगा यदि बुलाए जाने वाले प्रस्तावित अधिवेशन

के विषय को विनिर्दिष्ट करते हुए ग्यारह सदस्यों से अन्यून की लिखित रूप में उसे उस प्रयोजन से प्रस्तुत किया जाता हो।

6. संस्थान के अधिवेशनों के लिए सूचना : (1) संस्थान के साधारण अधिवेशन के लिए सभापति द्वारा यथानुमोदित अधिवेशन के स्थान, तारीख और समय विनिर्दिष्ट करने वाली सूचना से सदस्यों को अधिवेशन की तारीख से कम-से-कम दो सप्ताह पहले यदि डाक द्वारा दी जाती है तो डाक में डाले जाने के प्रमाण पत्र के अधीन, सचिव द्वारा दी जाएगी। सभापति द्वारा यथानुमोदित कार्यसूची अधिवेशन की सूचना के साथ भेजी जाएगी और जहां यह संभव न हो, वहां कार्यसूची को अधिवेशन से कम-से-कम दस दिन पहले भेजा जाएगा और डाक से भेजने पर डाक प्रमाण पत्र के अधीन भेजा जाएगा।

(2) असाधारण अधिवेशनों के लिए सभापति द्वारा यथानुमोदित अधिवेशन के लिए स्थान, तारीख और समय को विनिर्दिष्ट करने वाली सूचना सभापति और सदस्यों को बैठक की तारीख से कम-से-कम सात दिन पहले सचिव द्वारा भेजी जाएगी और डाक से भेजे जाने पर डाक प्रमाण पत्र के अधीन या तार से भेजी जाएगी। सभापति द्वारा यथानुमोदित कार्यसूची अधिवेशन से कम-से-कम पांच दिन पहले भेजी जाएगी और डाक से भेजे जाने पर डाक प्रमाण पत्र के अधीन भेजी जाएगी।

(3) सभापति निम्नलिखित को अधिवेशन से पहले किसी समय भी उसकी बैठक कार्यसूची में शामिल कर सकता है :-

(i) कार्य की नई मदें ;

(ii) कार्यसूची में सम्मिलित मदों की पूरक मदें ;

और ऐसी मदें विचारार्थ के लिए ली जाएंगी।

7. **संस्थान के सदस्यों द्वारा संकल्प प्रस्तुत करना :**

संस्थान की बैठक में कोई संकल्प प्रस्तुत करने का इच्छुक कोई संस्थान का सदस्य सचिव को उसकी लिखित सूचना देगा ताकि वह अधिवेशन की तारीख से अन्यून दस दिन पहले उसे प्राप्त हो जाए और ऐसी सूचना दिए जाने पर प्रस्तावित संकल्प सचिव द्वारा सदस्यों को तत्काल परिचालित किया जाएगा और कार्यसूची में शामिल किया जाएगा।

8. **गणपूर्ति :** (1) संस्थान के अधिवेशन में आठ सदस्यों के उपस्थित नहीं होने तक कोई कार्य नहीं किया जाएगा।

(2) यदि अधिवेशन करने के निर्धारित समय से आधा घंटे के भीतर गणपूर्ति नहीं होती तो अधिवेशन स्थगित रहेगा और सदस्य गण सभापति द्वारा नियत तारीख, समय और स्थान पर अधिवेशन करेंगे तथा यदि स्थगित अधिवेशन में भी अधिवेशन के निर्धारित समय से आधा घंटे के अन्दर गणपूर्ति नहीं होती तो सदस्यों की कुल संख्या के कम-से-कम एक तिहाई संख्या में उपस्थित होने पर भी अधिवेशन होगा ;

परन्तु कम-से-कम सात पूर्ण दिनों की सूचना अधिवेशन में उपस्थित सदस्यों और प्रत्येक सदस्य को जो उस अधिवेशन में उपस्थित नहीं थे उसी या अगले दिन जैसा मामले में अपेक्षित हो, डाक या तार या विशेष संदेशवाहक द्वारा दी जाएगी।

9. **संस्थान के अधिवेशन की अध्यक्षता :** (1) सभापति, संस्थान के प्रत्येक अधिवेशन की अध्यक्षता करेगा।

(2) यदि सभापति किसी ऐसे अधिवेशन में उपस्थित नहीं हो तो उपस्थित सदस्यगण अपने में से किसी सदस्य का चयन अधिवेशन के सभापति के लिए करेंगे।

10. **कारबार का संव्यवहार :** (1) संस्थान के सभी विनिश्चय बहुमत से किए जाएंगे। सभापति मतों के बराबर होने पर निर्णायक मत देगा।

(2) किसी सदस्य द्वारा उठाए गए व्यवस्था के प्रश्न पर अधिवेशन के सभापति द्वारा दिया गया विनिश्चय अंतिम होगा।

(3) संस्थान द्वारा अधिवेशन में निपटाए गए किसी विषय को एक वर्ष बीतने तक और उसके पश्चात पुनर्विचार के लिए नहीं प्रस्तुत किया जाएगा सिवाय उस मामले में जहां सभापति या सरकार प्रमाणित करती हो कि संस्थान के हित में उस विषय पर और विचार करने की अपेक्षा है।

11. **कागज पत्र के परिचालन द्वारा कारबार का संव्यवहार :** (1) संस्थान के करने के लिए आवश्यक कोई कारबार यदि सभापति ऐसा निर्देश दें, भारत स्थित सभी सदस्यों में उनके प्रायिक घरों पर रजिस्ट्रीकृत लिफाफे में कागज-पत्रों के परिचालन द्वारा निपटाया जाएगा और इस प्रकार परिचालित कोई संकल्प पारित माना जाएगा यदि सदस्यों का बहुमत इसका अनुमोदन लिखित रूप में करें, और यह उतना ही प्रभावी तथा बाध्यकारी होगा यदि यह संस्थान के अधिवेशन में पारित किया गया होता।

(2) जब कोई कारबार सदस्यों को परिचालन से इस प्रकार निर्दिष्ट किया जाता है तो सदस्यों से उत्तर की प्राप्ति के लिए कम-से-कम तीन सप्ताहों की अवधि अनुज्ञात होगी, ऐसी अवधि उस तारीख से गणना की जाएगी जिस तारीख को कारबार की सूचना जारी की गई है।

परन्तु यदि किसी सदस्य से नियत तारीख तक उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो इस प्रकार परिचालित संकल्प को संबंधित सदस्य द्वारा अनुमोदित किया गया समझा जाएगा।

(3) यदि किसी संकल्प को परिचालित किया जाता है तो परिचालन का परिणाम सभी सदस्यों को सूचित किया जाएगा।

12. कारबार के अभिलेख : (1) सचिव द्वारा, संस्थान द्वारा किए गए सभी कारबार के संव्यवहारों के अभिलेख का अनुरक्षण किया जाएगा।

(2) संस्थान के सभी कारबारों का, जहां तक संभव हो, संस्थान द्वारा अनुरक्षित की जाने वाली कार्यवृत्त पुस्तक में संकल्पों के प्रारूप में अभिलिखित किए जाएंगे और उनकी सम्यक् रूप से पुष्टि किए जाने के पश्चात् उस अधिवेशन के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा। संस्थान की कार्यवाही पुस्तक में ऐसे विनिश्चय की प्रविष्टि इस तथ्य का निश्चयात्मक साक्ष्य होगा कि ऐसे विनिश्चय संस्थान द्वारा लिए गए थे।

(3) अध्यक्ष द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित किए जाने के पश्चात् अधिवेशन की कार्यवाही संस्थान के सभी सदस्यों को परिचालित की जाएगी।

13. शासी निकाय का गठन : संस्थान का शासी निकाय निम्नलिखित सदस्यों को मिलाकर बनेगा, अर्थात् :-

(1.) संस्थान का अध्यक्ष - सभापति

(2.) सचिव सदस्य पदेन (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय)

(3.) महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा, भारत सरकार

(4.) संस्थान के सदस्य जो वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं

(5.) संस्थान का निदेशक

(6.) मुख्य सचिव, पुडुचेरी सरकार

(7.) संकायाध्यक्ष, संस्थान

अन्य सदस्य

(8.) संस्थान के लिए निर्वाचित तीन संसद सदस्यों में से संस्थान के सदस्यों द्वारा निर्वाचित एक सदस्य।

(9.) संस्थान के सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित किए जाने वाले तीन सदस्य ।

(10.) संस्थान द्वारा वार्षिक रूप से जेष्ठता क्रम से नामित किए गए संस्थान के दो आचार्य।

(11.) तीन वर्षों की अवधि के लिए कोई व्यक्ति जो केन्द्रीय सरकार की राय से अधिनियम की धारा 10 की उप-धारा (1) के परंतुक के अध्यधीन संस्थान को अग्रसर करने में योगदान करेगा।

14. **अध्यक्ष तथा शासी निकाय की शक्तियां और कृत्य :** अध्यक्ष और शासी निकाय ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेंगे जो इन विनियमों में से उपाबध अनुसूची-I में यथा विनिर्दिष्ट है।

15. **शासी निकाय के अधिवेशनों का समय और स्थान :**

शासी निकाय का अधिवेशन ऐसे समय और स्थान पर होगा जो समय-समय पर अध्यक्ष अवधारित करेगा ;

परन्तु शासी निकाय का अधिवेशन 6 मास में कम-से-कम एक बार होगा।

16. **शासी निकाय का अधिवेशन बुलाने की शक्तियां :** सभापति, शासी निकाय का अधिवेशन किसी समय बुला सकता है, और ऐसा वह तभी करेगा यदि उसे बुलाए जाने वाले प्रस्तावित अधिवेशन के विषय को विनिर्दिष्ट करते हुए आठ से अनधिक सदस्यों द्वारा उस प्रयोजन के लिए लिखित रूप में अध्यपेक्षा की गई हो।

17. **शासी निकाय के अधिवेशन के लिए सूचना :** (1) शासी निकाय के साधारण अधिवेशन के लिए अध्यक्ष द्वारा यथानुमोदित अधिवेशन के स्थान, तारीख और समय विनिर्दिष्ट करने वाली सूचना सदस्यों को ऐसे अधिवेशन की तारीख से कम-से-कम दो सप्ताह पहले यदि डाक द्वारा दी जाती हो तो डाक में डाले जाने के प्रमाण पत्र के अधीन सचिव द्वारा दी जाएगी। अध्यक्ष द्वारा यथानुमोदित कार्यसूची अधिवेशन की सूचना के साथ भेजी जाएगी और जहां यह संभव न हो, वहां कार्यसूची को अधिवेशन से कम-से-कम दस दिन पहले भेजा जाएगा और डाक से भेजने पर डाक प्रमाण पत्र के अधीन भेजा जाएगा।

(2) असाधारण अधिवेशनों के लिए अध्यक्ष द्वारा यथानुमोदित अधिवेशन के लिए स्थान, तारीख और समय को विनिर्दिष्ट करने वाली सूचना अध्यक्ष और सदस्यों को बैठक की तारीख से कम-से-कम सात दिन पहले सचिव द्वारा भेजी जाएंगी और डाक या तार से भेजे जाने पर डाक प्रमाण पत्र के अधीन भेजी जाएंगी। सभापति द्वारा यथानुमोदित कार्यसूची अधिवेशन से कम-से-कम पांच दिन पहले भेजी जाएगी और डाक से भेजे जाने पर डाक प्रमाण पत्र के अधीन भेजी जाएगी।

(3) अध्यक्ष निम्नलिखित को अधिवेशन से पहले किसी समय या उसके दौरान कार्यसूची में शामिल कर सकता है :-

(i) कार्य की नई मदें ;

(ii) कार्यसूची में सम्मिलित मदों की पूरक मदें ;

और ऐसी मदें विचार के लिए ली जाएंगी।

18. गणपूर्ति : (1) शासी निकाय के अधिवेशनों में सात सदस्यों के उपस्थित नहीं होने तक कोई कार्य संपन्न नहीं किया जाएगा।

(2) यदि अधिवेशन करने के निर्धारित समय से आधा घंटे के भीतर गणपूर्ति नहीं होती तो अधिवेशन स्थगित रहेगा और अध्यक्ष द्वारा नियत तारीख, समय और स्थान पर शासी निकाय का अधिवेशन होगा तथा यदि स्थगित अधिवेशन में भी अधिवेशन के निर्धारित समय से आधा घंटे के अन्दर गणपूर्ति नहीं होती तो कुल सदस्यों के कम-से-कम एक तिहाई संख्या में उपस्थित होने पर भी अधिवेशन होगा ;

परन्तु कम-से-कम सात पूर्ण दिनों की सूचना अधिवेशन में उपस्थित सदस्यों और प्रत्येक सदस्य को जो उस अधिवेशन में उपस्थित नही थे उसी या अगले दिन जैसा मामले में अपेक्षित हो डाक या तार या विशेष संदेशवाहक द्वारा दी जाएगी।

19. **शासी निकाय के अधिवेशन की अध्यक्षता :** (1) अध्यक्ष, शासी निकाय की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(2) यदि अध्यक्ष किसी अधिवेशन में उपस्थित नहीं हो तो उपस्थित सदस्यगण अपने में से किसी सदस्य का चयन बैठक के सभापति के रूप में करेंगे।

20. **कारबार का संव्यवहार :** (1) संस्थान के सभी विनिश्चय बहुमत से किए जाएंगे। अध्यक्ष मतों के बराबर होने पर निर्णायक मत देगा।

(2) किसी सदस्य द्वारा उठाए गए व्यवस्था के प्रश्न पर अधिवेशन के अध्यक्ष द्वारा दिया गया विनिश्चयअंतिम होगा।

(3) संस्थान द्वारा अधिवेशन में निपटाए गए किसी विषय को एक वर्ष बीतने तक और उसके पश्चात् पुनर्विचार के लिए नहीं प्रस्तुत किया जाएगा सिवाय उस मामले में जहां अध्यक्ष या सरकार प्रमाणित करती हो कि संस्थान के हित में उस विषय पर और विचार की अपेक्षा है।

21. **कागज पत्र के परिचालन द्वारा कारबार का संव्यवहार :** (1) शासी निकाय के करने के लिए आवश्यक कोई कारबार, यदि अध्यक्ष ऐसा निर्देश दें, भारत स्थित सभी सदस्यों में उनके प्रथिक पतों पर रजिस्ट्रीकृत लिफाफे में कागज पत्रों के परिचालन द्वारा निपटाया जाएगा और इस प्रकार परिचालित कोई संकल्प तथा सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर अनुमोदित कोई संकल्प उतना ही प्रभावी और बाध्यकारी होगा यदि यह शासी निकाय की बैठक में पारित किया गया होता।

(2) जब कोई कारबार सदस्यों को परिचालन से इस प्रकार निर्दिष्ट किया जाता है तो सदस्यों से उत्तर की प्राप्ति के लिए पूर्ण दस दिनों की अन्यून अवधि होगी, ऐसी अवधि उस तारीख से गणना की जाएगी जिस तारीख को कारबार की सूचना जारी की गई हो।

परन्तु यदि किसी सदस्य से नियत तारीख तक उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो इस प्रकार परिचालित संकल्प को संबंधित सदस्य द्वारा अनुमोदित समझा जाएगा।

(3) यदि किसी संकल्प को परिचालित किया जाता है तो परिचालन का परिणाम सभी सदस्यों को संसूचित किया जाएगा।

22. कारबार के अभिलेख :

(1) सचिव द्वारा संस्थान द्वारा किए गए सभी कारबार के संव्यवहार के अभिलेख का अनुरक्षण किया जाएगा।

(2) संस्थान के सभी कारबारों का, जहां तक संभव हो संस्थान द्वारा अनुरक्षित की जाने वाली कार्यवृत्त पुस्तक में संकल्पों के प्रारूप में अभिलिखित किए जाएंगे और उसकी सम्यक रूप से पुष्टि किए जाने के पश्चात् उस अधिवेशन के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। संस्थान की कार्यवाही पुस्तक में ऐसे विनिश्चय की प्रविष्टि इस तथ्य का निर्णायक साक्ष्य होगा कि ऐसे निर्णय संस्थान द्वारा लिए गए थे।

(3) अध्यक्ष द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित हो जाने के पश्चात् अधिवेशन की कार्यवाही संस्थान के सदस्यों को परिचालित की जाएगी।

23. शासी निकाय के सदस्यों की पदावधि और आकस्मिक रिक्तियों को भरा जाना : (1) संस्थान के सदस्य के रूप में उनके बने रहने के अधीन रहते हुए शासी निकाय के पदेन सदस्य की पदावधि और विनियम 13 के खण्ड (10) और (11) के अधीन नाम निर्दिष्ट सदस्यों से भिन्न किसी सदस्य का कार्यकाल पांच वर्ष होगा। कोई पद छोड़ने वाला सदस्य पुनर्निर्वाचन या पुर्न नाम निर्देशन का पात्र होगा।

(2) शासी निकाय की सदस्यता में आकस्मिक रिक्ति को इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार भरा जाएगा।

24. स्थायी और तदर्थ समितियां : (1) स्थायी और तदर्थ समितियों में संस्थान का निदेशक, पदेन सदस्य होगा, जो सचिव के रूप में कार्य करेगा तथा उतनी संख्या में अन्य सदस्य होंगे जो आवश्यक हो।

(2) तदर्थ समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को संस्थान द्वारा नाम निर्देशित किया जाएगा।

परन्तु स्थायी वित्त समिति में केवल संस्थान के सदस्य होंगे।

परन्तु यह और कि व्यक्तियों की संख्या जो संस्थान के सदस्य नहीं हैं प्रत्येक अन्य स्थायी अथवा तदर्थ समितियों की कुल सदस्यता के एक-चौथाई से अधिक नहीं होगी।

परन्तु यह और भी कि स्थायी अथवा तदर्थ समितियों के अधिवेशन में किसी कारबार का संव्यवहार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि समिति का गठन करने वाले कुल सदस्यों का कम-से-कम एक-तिहाई उपस्थित न हों।

(3) स्थायी शैक्षणिक समिति, संस्थान के शैक्षणिक मामलों के प्रशासन से संबंधित सभी मामलों पर विचार करेगी।

(4) स्थायी सम्पदा समिति, नए भवनों के निर्माण, भूमि के अधिग्रहण और निपटान, परिवर्धनों या परिवर्तनों के प्रस्तावों तथा संस्थान के भवनों के अनुरक्षण और उपयोग से संबंधित किसी अन्य प्रश्न पर विचार करेगी। यह संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इसके विस्तार के लिए प्रस्तावों और परियोजनाओं पर भी विचार करेगा तथा कार्यान्वयन की मानीटरिंग करेगा।

(5) स्थायी चयन समिति, या तो सीधी भर्ती के माध्यम से या मूल्यांकन प्रोन्नति योजना के अधीन भरे गए सभी संकाय पदों की नियुक्ति पर विचार करेगी। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा भारत सरकार स्थायी चयन समिति के सदस्य होंगे।

(6) अस्पताल मामले संबंधी समिति, रोगी परिचर्या सेवाओं में सुधार/किसी विशेषज्ञ सेवा अथवा नई सेवा के सृजन, विभिन्न सेवाओं के लिए उदग्रहीत किए जाने वाले प्रभारों

की पुनर्विलोकन और पुनरीक्षण करने से संबंधित सभी नीति संबंधी मामलों अथवा अस्पताल प्रबंधन से संबंधित किसी अन्य नीति संबंधी मामले देखेगी।

(7) स्थायी समिति के किसी सदस्य की पदावधि इसके गठन की तारीख से पांच वर्ष होगी और यथाशीघ्र विशिष्ट कृत्य जिनके लिए तदर्थ समिति का गठन किया गया है, पूरे हो जाएंगे, तदर्थ समिति कृत्य से विरत हो जाएगी।

(8) संस्थान द्वारा स्थायी समिति या तदर्थ समिति में आकस्मिक रिक्ति को नाम निर्देशन के द्वारा भरा जा सकता है।

25. संस्थान, शासी निकाय, स्थायी और तदर्थ समिति के सभापति तथा सदस्य को संदत्त किए जाने वाले यात्रा और दैनिक भत्ते :- (1) शासी निकाय के अध्यक्ष और सदस्यों तथा (यथा स्थिति), स्थायी समिति और तदर्थ समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों को शासी निकाय, स्थायी समिति या तदर्थ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए यात्रा और दैनिक भत्तों के अतिरिक्त कोई पारिश्रमिक या अन्य भत्ता प्राप्त नहीं होगा।

(2) संस्थान के सभापति और प्रत्येक सदस्य, शासी निकाय, स्थायी तथा तदर्थ समितियों के अध्यक्ष और सदस्य, यदि वे सरकार के पूर्णकालिक अधिकारी हैं, संस्थान, शासी निकाय, स्थायी अथवा तदर्थ समितियों के अधिवेशनों में सम्मिलित होने के लिए अथवा संस्थान के किसी अन्य कार्य में सम्मिलित होने के लिए की जाने वाली यात्रा के लिए ऐसे यात्रा एवं दैनिक भत्तों के पात्र होंगे जो आधिकारिक कर्त्तव्य के निर्वहन में की गई यात्राओं के लिए उन पर लागू नियमों के तहत अनुमत हैं।

(3) जहां किसी संस्थान, शासी निकाय, स्थायी समितियों और तदर्थ समितियों के किसी सदस्य को सरकार के अधिकारी होने के नाते यात्रा और दैनिक भत्ते दिए जाएंगे, वहां संस्थान ऐसे अधिकारी को नियोजित करने वाले प्राधिकरण को इस तरह संदत्त राशि की प्रतिपूर्ति के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगा।

(4) संस्थान के सभापति और सदस्य तथा शासी निकाय, स्थायी और तदर्थ समितियों के अध्यक्ष तथा सदस्य जो सरकार में अधिकारी नहीं हैं, केन्द्रीय सरकार द्वारा पूरक नियम 190 और उसके अन्तर्गत कार्यकारी विनिश्चय और आदेशों के अधीन समय-समय पर विहित दरों पर यात्रा और दैनिक भत्ते के हकदार होंगे।

26. **निदेशक की शक्तियां और कर्त्तव्य :** (1) निदेशक संस्थान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट किए गए हैं।

(2) निदेशक संस्थान के प्रशासन का प्रभारी होगा और वह संस्थान के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कर्त्तव्य आबंटित करेगा और ऐसे यथावश्यक पर्यवेक्षण और कार्यकारी नियंत्रण करेगा।

(3) शासी निकाय द्वारा अधिरोपित निर्बन्धों के अधीन रहते हुए ; निदेशक को संस्थान के समुचित प्रशासन के लिए इस अधिनियम, नियमों एवं इन विनियमों के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों में से किसी शक्ति का प्रत्यायोजन संस्थान के किसी अधिकारी को ऐसे निर्बन्धों के अधीन जो शासी निकाय द्वारा उस पर आरोपित किए जाएं, के अध्यधीन करने की शक्ति होगी।

27. **पुरस्कार, छात्रवृत्तियां आदि देने की शक्तियां :** संस्थान ऐसे पुरस्कार, स्मारिकाएं, वृत्तिकाएं और छात्रवृत्तियां दे सकता है जो इसके द्वारा समय-समय पर विनिश्चिय की जाएं।

28. **अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश :** (1) संस्थान अपने द्वारा संचालन किए जाने वाले पाठ्यक्रमों में छात्रों को प्रवेश करेगा। केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए

साधारण आदेशों के अनुसरण में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों को प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में आरक्षण प्रदान करेगा।

(2) संस्थान में पाठ्यक्रम और स्नातकोत्तर एवं स्नातकपूर्व पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए प्रवेश के लिए चयनित उम्मीदवारों द्वारा संदेय शुल्क अनुसूची 2 के अनुसार होंगे।

29. **उपाधियां और डिप्लोमा प्रदान करना :** संस्थान ऐसी उपाधियां और डिप्लोमा दे सकेगा जो समय-समय पर संस्थान द्वारा विनिश्चय किए जाएं।

30. **परीक्षा का संचालन :** निदेशक द्वारा उतनी संख्या में पर्यवेक्षकों, अधीक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की जा सकेगी जो संस्थान की प्रवेश तथा व्यावसायिक परीक्षा का संचालन करने के लिए आवश्यक हो और उन्हें अनुसूची 3 में प्रदर्शित दर पर पारिश्रमिक दिया जाएगा।

31. **अस्पताल में ठहराव :** संस्थान अनुसूची 4 में यथाविनिर्दिष्ट दरों पर विभिन्न सेवाओं के लिए प्रभार करेगा।

32. **कर्मचारियों का पूर्ण कालिक सेवक होना :** जब तब किसी मामले में, यदि वह अन्यथा स्पष्टता उपबंधित न किया गया हो, संस्थान के किसी कर्मचारी का पूर्णकालिक संस्थान के अधीन होगा और वह अतिरिक्त पारिश्रमिक के दावों के बिना संस्थान के समुचित प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित किसी रीति से नियोजित किया जा सकेगा।

33. **स्थायी और अस्थायी पद :** संस्थान की सेवा में पद (i) स्थायी पद अर्थात् किसी सीमा या समय के बिना स्वीकृत वेतन की निश्चित दर प्राप्त करने वाले पद, या (ii) अस्थायी पद अर्थात् सीमित समय के लिए स्वीकृत वेतन की निश्चित दर प्राप्त करने वाले पद, अथवा (iii) कार्य के समापन के लिए सीमित समय हेतु स्वीकृत वेतन की निश्चित दर प्राप्त करने वाले निर्धारित वर्ग/निर्धारित वर्ग (नियमित) पद होंगे।

34. **पदों का वेतनमान :** संस्थान में विभिन्न पदों और वेतनमानों का ब्यौरा संलग्न अनुसूची 5 में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होगा।

35. **नियुक्ति के लिए अर्हताएं :**

(1) विभिन्न पद जिनके अंतर्गत संकाय पद भी है, पर नियुक्ति के लिए भर्ती की पद्धति आयु शैक्षणिक अर्हता और अनुभव तथा संस्थान में उनकी सेवा शर्तें अनुसूची 6 में यथाविनिर्दिष्ट होगी।

(2) निदेशक, संस्थान के अधीन या तो सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा पद और सेवाओं में रिक्तियों को भरने में केन्द्रीय सरकार के अधीन पदों तथा सेवाओं में रिक्तियों को भरने में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों या अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के पक्ष में किए गए आरक्षण को लागू करेगा।

(3) जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान में विभिन्न पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अनुसूची 7 में यथाविनिर्दिष्ट अनुसार फीस प्रभारित करेगा।

36. **परिवीक्षा की अवधि :** किसी मामले में जब तक नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अन्यथा विनिश्चय न किया गया हो, सभी कर्मचारी दो वर्षों तक परिवीक्षा पर रहेंगे। कर्मचारी द्वारा

संतोषप्रद सेवा प्रदान किया जाना अपेक्षित होगा जिसके न होने पर उसकी सेवाएं किसी भी समय बिना किसी सूचना के या कारण बताए बिना समाप्त की जा सकेगी। तथापि, नियुक्ति प्राधिकरण परिवीक्षा की अवधि बढ़ा सकता है।

37. ज्येष्ठता : प्रत्येक प्रवर्ग में संस्थान के कर्मचारियों की ज्येष्ठता केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार अवधारित होगी।

38. छुट्टी: संस्थान के अस्थायी और स्थायी कर्मचारी ऐसे छुट्टी तथा छुट्टी वेतन के हकदार होंगे जो कि केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के अधीन केन्द्रीय सरकार के तत्संबंधी कर्मचारियों के लिए अनुज्ञेय है।

परन्तु यह कि उक्त केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित प्रवर्गों के अध्यापन कर्मचारिवृंद को अवकाश विभाग में सेवारत माना जाएगा, नामतः-

1. आचार्य ;
2. अपर आचार्य ;
3. सह आचार्य ;
4. सहायक आचार्य ;
5. चिकित्सा अधीक्षक ;
6. प्राचार्य, परिचर्या कालेज ;
7. उप प्राचार्य, परिचर्या कालेज ;
8. प्राध्यापक ;

इस प्रयोजन के लिए नियमित अवकाश शासी निकाय द्वारा समय-समय पर लिए गए विनिश्चय अनुसार होगा।

परन्तु यह और कि विदेशी सेवा पर प्रतिनियुक्ति पर संस्थान के किसी पदधारी को उसकी प्रतिनियुक्ति की शर्तों में यथाअनुबंधित अवकाश नियमों द्वारा शासित होंगे।

39. **कर्त्तव्य से अनुपस्थिति :** जब तक असाधारण परिस्थितियों में अध्यक्ष द्वारा अन्यथा विनिश्चय न किया गया हो, संस्थान का कोई स्थायी कर्मचारी विदेशी सेवा पर होने या पांच वर्षों से अधिक समय तक निलंबन, जिसके अन्तर्गत छुट्टी की अवधि भी है के कारण के बिना अपने पद से अनुपस्थित नहीं होगा।

40. **अधिवर्षिता:** (1) अध्यापन आयुर्विज्ञान संकाय को छोड़कर संस्थान के कर्मचारियों की अधिवर्षिता की आयु साठ वर्ष होगी ;

परन्तु आयुर्विज्ञान और वैज्ञानिक विशेषज्ञों को सेवा में विस्तार मंजूर किया जा सकेगा। मामलेवार आधार पर बासठ वर्ष की आयु तक, उन व्यक्तियों के मामलों में अपवादस्वरूप प्रतिभा-संपन्न हैं कारणों को लेखबद्ध करते हुए और संबंधित व्यक्ति की शारीरिक स्वस्थता तथा सतत दक्षता के अध्यधीन दी जा सकती है।

(2) संस्थान के अध्यापन आयुर्विज्ञान संकाय के सदस्यों की अधिवर्षिता की आयु पैंसठ वर्ष होगी।

(3) उप-विनियमों (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकरण की यह राय है कि ऐसा करना जनहित में है, तो उसे संस्थान के किसी कर्मचारी को कम-से-कम तीन मास का लिखित में सूचना अथवा ऐसी सूचना के बदले में तीन मास के वेतन और भत्ते देकर सेवानिवृत्त करने का पूर्ण अधिकार होगा -

(i) यदि वह समूह क या समूह ख सेवा में या पद पर है और पैंतीस वर्ष की आयु प्राप्त करने से पूर्व संस्थान की सेवा में शामिल हुआ है तो पचास वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् ; और

(ii) किसी अन्य मामले में , पचपन वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् ;

(4) (क) संस्थान का कोई कर्मचारी यदि वह समूह क या समूह ख सेवा में या पद पर है और वह पैंतीस वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने से पहले सेवा में शामिल हुआ है, तो पचास वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् और सभी अन्य मामलों में पचपन वर्ष की आयु पूरी करने के बाद नियुक्ति प्राधिकारी को कम-से-कम तीन मास की लिखित में सूचना देकर सेवानिवृत्ति ले सकेगा।

(4) (ख) नियुक्ति प्राधिकारी निलंबन के अधीन किसी कर्मचारी जो इस उप-विनियम के अधीन सेवानिवृत्ति चाहता है, को अनुमति देने से इनकार करने के लिए मुक्त होगा।

41. पेंशन और अभिदायी भविष्य निधि :

(1) संस्थान के कर्मचारियों सिवाय उनके जो संस्थान में प्रतिनियुक्ति पर हैं या विदेशी सेवा वाले कर्मचारी हैं, जिन्होंने संस्थान के कर्मचारी बनने के विकल्प का प्रयोग करने से पूर्व 1 जनवरी, 2004 से पहले केन्द्रीय सरकार के अधीन विभिन्न पदों पर नियुक्त थे और वे केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 और सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियम, 1960 के अधीन पेंशन और अन्य पेंशन संबंधी लाभों के हकदार हैं, को उक्त नियमों द्वारा शासित किया जाना जारी रहेगा।

(2) संस्थान के कर्मचारी सिवाय उनके जो प्रतिनियुक्ति पर हैं या विदेशी सेवा वाले कर्मचारी है, किन्तु उसके अन्तर्गत वे भी हैं जो संस्थान का कर्मचारी बनने के विकल्प का प्रयोग करने से पहले केन्द्रीय सरकार के अधीन 1 जनवरी, 2004 को या उसके पश्चात् नियुक्त किए गए थे, केन्द्रीय सरकार के अधीन उक्त 1 जनवरी, 2004 को या उसके पश्चात् नियुक्त कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय सरकार के अनुदेशों के अनुसार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में विद्यमान योजनाओं के संयोजन पर संस्थान द्वारा बनाई गई योजना द्वारा शासित होगें।

42. **आचरण, अनुशासन और शास्तियां :**

(1) केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 संस्थान के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

(2) केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील)नियम, 1965 के भाग 4 (निलंबन), भाग 5 (शास्तियां और अनुशासनिक प्राधिकारी), भाग 6 (शास्ति लगाने की प्रक्रिया, भाग 7 (अपील) और भाग 8 (पुनर्विलोकन) संस्थान के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

परन्तु इस विनियम के प्रयोजन के लिए :

(क) संस्थान के समूह क, समूह ख, समूह ग तथा समूह घ के पद क्रमशः केन्द्रीय सिविल सेवा समूह क, समूह ख, समूह ग तथा समूह घ पदों के अनुरूप होंगे।

(ख) संस्थान के विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति प्राधिकरण, आरोपित की जाने वाली शास्तियों के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी और अपील प्राधिकारी अनुसूची 8 में यथाविनिर्दिष्ट होंगे।

(ग) संस्थान द्वारा उधार लिए गए केन्द्रीय या राज्य सरकार के कर्मचारियों के संबंध में केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के क्रमशः नियम 20 और 21 के उपबंध लागू होंगे और संस्थान उपर्युक्त दो नियमों के प्रयोजन के लिए यथास्थिति, केन्द्रीय या राज्य सरकार, के कार्यों का निर्वहन करेगा।

(घ) किसी भी मामले में संघ लोक सेवा आयोग के साथ कोई परामर्श आवश्यक नहीं होगा।

43. **सेवा की अन्य शर्तें :** उन मामलों के संबंध जो इस विनियम में उपबन्धित नहीं है में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर यथालागू नियम जैसे सेवा की सामान्य शर्तें, वेतन, जिसके अंतर्गत यात्रा और दैनिक भत्ते, छुट्टी वेतन, पद ग्रहण समय, विदेश सेवा अवधि भी

है, और केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेश तथा विनिश्चय संस्थान के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

44. **पुनर्नियोजित व्यक्तियों का वेतन :** कोई व्यक्ति जो संस्थान की सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात् संस्थान में नियोजित किया जाए या किसी राज्य या केन्द्रीय सरकार या सरकार द्वारा प्रशासित किसी कानूनी अथवा स्थानीय निकाय का हो, का वेतन केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित नियमों और आदेशों के अनुसार विहित वेतनमान में नियत किया जाएगा।

